प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त करेंगे जारी, देश भर के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों में भी कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित।
2. राज्यपाल के अभिभाषण के साथ आज से शुरू होगा झारखंड विधानसभा का बजट सत्र, 3 मार्च को पेश होगा बजट, सत्र से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष ने बनाई अपनी रणनीति ।
3. जैक पेपर लीक मामले की जांच के लिए किया एसआईटी का गठन, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा दोषियों पर हर हाल में की जाएगी कड़ी कार्रवाई।
4. झारखंड के कोल्हान और संताल परगना में बारिश और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट ।
5. चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की पाकिस्तान पर शानदार जीत, नाबाद शतक के साथ विराट कोहली बने प्लेयर ऑफ द मैच।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के माध्यम से भूमिधारक किसानों को तीन समान किस्तों में सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। देश भर के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें लगभग ढाई करोड़ किसान कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इस दिन को किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

श्री सिंह देशभर के 9 करोड़ 80 लाख से ज्यादा किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 22 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की वित्तीय सहायता मिलेगी।

********************

छठी झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू होगा। 3 मार्च को बजट पेश किया जाएगा। सत्र के पहले दिन सुबह साढ़े ग्यारह बजे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण होगा। फिर शोक प्रकाश के बाद सभा की कार्यवाही स्थगित हो जाएगी। 3 मार्च को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर वितीय वर्ष 2025 – 26 का बजट पेश करेंगे।

गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से 27 मार्च तक चलेगा। इसे लेकर कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई, जिसमें बजट सत्र को शांतिपूर्वक चलाने की रणनीति बनाई गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि बैठक में विपक्ष के हंगामे और विरोध से निपटने पर भी चर्चा हुई।

इधर बजट सत्र को लेकर विपक्षी दलों ने भी रणनीति बनाई। पार्टी के वरिष्ठ विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। भाजपा सत्र में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक और विधि व्यवस्था के मुद्दे उठाएगी।

********************

तेलंगाना के टनल हादसे में फंसे झारखंड के गुमला जिले के श्रमिकों की कुशलता की जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर ली जा रही है। एनडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी है, गुमला जिला प्रशासन ने

परिजनों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वे खुद तेलंगाना जाकर मजदूरों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेंगे।

********************

जैक मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस को अहम डिजिटल साक्ष्य मिले हैं, जिसके आधार पर कई गिरफ्तारियां हो रही हैं। स्कूली शिक्षा विभाग ने जांच के लिए एसआईटी गठन का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि पेपर लीक के तार कोडरमा, गढ़वा, गिरिडीह और पूर्वी सिंहभूम से जुड़े हैं। इस मामले में शामिल अधिकारियों, शिक्षकों और छात्रों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

********************

सरायकेला खरसावां जिले में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ा जा रहा है।

********************

- झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण स्थल का निरीक्षण कर ऊंचाई बढ़ाने की मांग रखी। उन्होंने निर्माण कंपनी को सरना स्थल की पवित्रता बनाए रखने के निर्देश दिए।

- कोल्हान विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति की मांग को लेकर एबीवीपी ने हस्ताक्षर अभियान चलाया है। छात्रों और शिक्षकों ने सरकार से जल्द स्थायी कुलपति नियुक्त करने की अपील की है।
- खूंटी जिले के बुंडू थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध लॉटरी कारोबार का खुलासा कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। वरीय पुलिस पदाधिकारी राम कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि पुलिस ने मौके से नागालैंड कंपनी की 50 हजार रुपये की अवैध लॉटरी और 51 हजार रुपये नकद बरामद किए।

********************

राज्य के कोल्हान और संताल परगना के सात जिलों में आज हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने सरायकेला–खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम सहित दुमका, पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

********************

दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रुप ए के एक अहम मुकाबले में कल रात भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 42 ओवर और 3 गेंदों में 4 विकेट पर 244 रन बना लिए।

प्लेयर ऑफ द मैच विराट कोहली ने नाबाद शतक बनाया। यह विराट कोहली का 51वां वनडे शतक था। उन्होंने वनडे में सबसे तेज 14 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बनकर भी इतिहास रचा। इसके अलावा, उन्होंने प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार पाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।

********************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पाकिस्तान पर भारत की शानदार जीत की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है

दैनिक जागरण ने लिखा है मलबे ने बचाव अभियान की बढ़ाई चुनौती, तेलंगाना सुरंग हादसा में गुमला के फंसे हैं चार श्रमिक, सीएम हेमंत पल–पल की ले रहे हैं जानकारी।

प्रभात खबर की सुर्खी है झारखंड विधानसभा सत्र आज से, 3 को झारखंड का बजट ।

रांची एक्सप्रेस के शब्द हैं विधानसभा का बजट सत्र आज से होगा शुरू, बजट सत्र के चलते 27 मार्च तक लागू रहेगी निषेधाज्ञा।

हिंदुस्तान ने लिखा है चैंपियंस ट्रॉफी में भारत शान से सेमीफाइनल में, मेजबान पाक टूर्नामेंट से लगभग बाहर, पाकिस्तान पर विराट विजय।

दैनिक भास्कर की सूर्खी है हमारी जीत, पाक साफ विराट के शतक से सेमीफाइनल में टीम इंडिया की एंट्री और पाक का एग्जिट लगभग तय

********************